दिनांक 20.05.2022 को सचिव खनन, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न Joint Working Group (JWG) की बैठक का कार्यवृत्त

उपस्थितिः–

1409
13/06/22

1. डॉ0 प्रसून जाना, उपमहानिदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, देहरादून।
2. श्री एस0एल0 पैट्रिक, निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून।
3. श्री मनोज कुमार कायस्था, निदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, देहरादून।
4. डॉ0 विनोद कुमार, निदेशक, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, देहरादून।
5. श्री अनिल कुमार, संयुक्त निदेशक (भूविज्ञान), भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून।
6. श्री सुनील पवार, संयुक्त निदेशक (खनन), भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून।
7. श्री पी0रविन्द्रम, महाप्रबन्धक एक्सप्लोरेशन एण्ड एन0ई0एम0, एम0ई0सी0एल0, नागपुर (द्वारा विडियो कान्फ्रेंसिंग)।
8. श्री दीपक शर्मा, सीनियर माईनिंग जियोलॉजिस्ट, क्षेत्रीय खान नियंत्रक कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, देहरादून ।
9. एस0के0 सकलानी, जूनियर माईनिंग जियोलॉजिस्ट, क्षेत्रीय खान नियंत्रक कार्यालय, भारतीय खान ब्यूरो, देहरादून।
10. श्री दीपक जोशी, अनुभाग अधिकारी, औद्योगिक विकास (खनन) अनुभाग–1, उत्तराखण्ड शासन।

बैठक में उत्तराखण्ड राज्य की सीमान्तर्गत चिन्हित खनिज लाईम स्टोन, राकफास्फेट आदि खनिज क्षेत्रों को नीलामी के माध्यम से खनन पट्टों पर आवंटन किये जाने हेतु भूगर्भीय सर्वेक्षण में आने वाली कठिनाइयों के निराकरण हेतु गठित Joint Working Group (JWG) के उपस्थित एवं ऑनलाइन माध्यम से प्रतिभागी सदस्यों का सर्वप्रथम परिचय लिया गया, जिसके उपरान्त निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म से बैठक से सम्बन्धित ऐजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में विभागीय प्रस्तुतिकरण की समीक्षा के उपरान्त सचिव, खनन विभाग द्वारा ऐजेण्डा बिन्दुओं के सम्बन्ध में निम्न निर्णय लिये गये–

1. जनपद अल्मोड़ा एवं पिथौरागढ की तहसील गंगोलीहाट के ग्राम चौरा, सैतोली, कलचूर, धुराली आदि क्षेत्रान्तर्गत कुल 08.00 वर्ग किमी0 क्षेत्र में स्थित खनिज लाईमस्टोन की भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा उपलब्ध करायी गयी ज्योलोजिकल रिर्पोट के आधार पर उक्त क्षेत्र को नीलामी के माध्यम से आवंटित किये जाने के निमित्त मोर्डल टेण्डर डॉकोमेन्ट पार्ट 4ए को तैयार करने हेतु Dedicated अधिकारी की आवश्यकता के सम्बन्ध में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा स्पष्ट किया गया कि पूर्ण रूपेण Dedicated अधिकारी उक्त कार्य हेतु नामित किया जाना सम्भव नहीं होगा, परन्तु भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की ओर से जो भी वांछित सहयोग अपेक्षित होगा, उसे भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के स्तर से सक्षम अधिकारी के माध्यम से प्रदान किया जायेगा, जिसके सम्बन्ध में निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को उक्त कार्य हेतु तदनुसार भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण से आपसी सामन्जस्य स्थापित करते हुये अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है।
2. SBI-Capital Markets Limited को नीलामी की प्रकिया एवं सेवा शर्तों का विवरण प्राप्त होने के उपरान्त नामित ऐजेन्सी की कार्यवाही प्रारम्भ करने तथा डी0जी0पी0एस0 सर्वे, सम्बन्धित जिलाधिकारी से भूमि का पृथक–पृथक यथा वन भूमि, निजी नाप भूमि, अन्य भूमि का विवरण, नीलामी पर दिये जाने वाले ब्लॉक में सम्बन्धित बैरियरस को भी चिन्हित कर GR में रिसोर्स की गुणवत्ता एवं मात्रा आदि की कार्यवाही समय की बचत हेतु नामित एजेन्सी द्वारा किये जाने के सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि Tender bid के माध्यम से ही ऐजेन्सी

की अधिप्राप्ति किये जाये। इस सम्बन्ध में निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को निर्देशित किया गया है कि विभाग के वित्त नियन्त्रक एवं सक्षम अधिकारियों के द्वारा तैयार कराये जाने वाले RFP Document में स्पष्ट रूप से भारत सरकार, राज्य सरकार तथा मा0 न्यायालयों के समय–समय पर पारित निर्देशों का शत–प्रतिशत पालन करने की शर्तों के आधार पर ऐजेन्सी चयन का मापदण्ड निर्धारित किया जाय, इस हेतु आवश्यकतानुसार भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षक का भी सहयोग प्राप्त किया जाय।

3. जनपद देहरादून तहसील त्यूनी के ग्राम क्वानू आदि में खनिज बेसमेंटल का खनिज अन्वेषण के सम्बन्ध में एम0ई0सी0एल0 के प्रतिनिधियों द्वारा जी0एस0आई0 के माध्यम से प्रश्नगत क्षेत्र के चामरी व उसके आस–पास लगे क्षेत्रों में जी–2 लेवल का खनिज अन्वेषण किया जाना सूचित है, जिसकी विस्तृत Geological Report (GR) G.S.I से तैयार करवाकर नीलामी की कार्यवाही सम्पन्न की जा सकती है, जिसके लिये जी0एस0आई0 का पूर्ण सहयोग हेतु Dedicated अधिकारी की आवश्यकता के निमित्त शेष क्षेत्र अमतियारगाढ आदि क्षेत्र में एन0एम0ई0टी0 से फन्डिंग प्राप्त किये जाने हेतु एम0ई0सी0एल0 से कार्यवाही अपेक्षित होने के दृष्टिगत जी0एस0आई0 से विस्तृत ज्योलोजिकल रिर्पोट उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा सूचित किया गया कि स्यौरा तथा अमतियारगढ क्षेत्रों के सम्बन्ध में खनिज साक्ष्य नियमावली के अनुसार अनुसूचि फॉर्म–4ए तैयार कर लिया गया है, जिसे अनुमोदनार्थ उच्च स्तर पर प्रेषित कर दिया गया है, जैसे ही उच्च स्तर से अनुमोदन प्राप्त हो जायेगा, इसकी सूचना भूतत्व एवं खनिकर्म, उत्तराखण्ड को उपलब्ध करा दिये जाने के साथ–साथ तकनीकी दृष्टिकोण की किसी भी समस्या हेतु भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा उसका निराकरण स्थानीय अधिकारियों के स्तर से करा दिये जाने की वचनवद्धता पर निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को प्रकरण में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सामन्जस्य स्थापित करते हुये तदनुसार अपेक्षित कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

4. जनपद देहरादून की तहसील चकराता के सुनेरखेड़ा क्षेत्र, तहसील कालसी के मदारसू क्षेत्र व जनपद अल्मोड़ा की तहसील सोमेश्वर के भूलगांव के अन्तर्गत चूना पत्थर व सीमेन्ट ग्रेड लाईमस्टोन / हाईग्रेड लाईमस्टोन का आंकलन / सत्यापन एम0ई0सी0एल0 द्वारा किये जाने के सम्बन्ध में निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को उक्त तीनों क्षेत्रों के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने हेतु तथ्यात्मक रिर्पोट के साथ विस्तृत आख्या पृथक से उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

5. जनपद पिथौरागढ़ के तहसील डीडीहाट के अस्कोट क्षेत्रान्तर्गत उपलब्ध खनिज के चार्जेज आदि के सम्बन्ध में अस्कोट खनन लॉट से सम्बन्धित पूर्ण घटनाक्रम विवरण तथा आदि गोल्ड के पक्ष में स्वीकृत आशय पत्र को निरस्तीकरण करने के उपरान्त अनुमोदित खनन योजना एवं पर्यावरणीय अनुमति प्राप्त 3.8 वर्ग किमी0 क्षेत्र की GR को नीलामी के लिये तैयार किये जा सकने के सम्बन्ध में निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को बिन्दु संख्या–2 द्वारा लिये गये निर्णयानुरूप ही कार्यवाही अमल में लाते हुये वर्तमान में आदिगोल्ड माईन्स की अद्यावधिक स्थिति, इसकी देनदारी तथा न्यायिक बिन्दुओं के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट करते हुये विस्तृत प्रस्ताव पृथक से उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

6. जनपद व तहसील देहरादून में खनिज राक फॉस्फेट का जी0एस0आई0 द्वारा खनिज अन्वेषण का कार्य ग्राम दूरमाला, ग्राम मालदेवता, ग्राम भस्तीजाली खाल व ग्राम मसराना आदि में किये जाने के उपरान्त एम0ई0सी0एल0 द्वारा जी0एस0आई0 से ग्राम भस्तीजाल खाल व ग्राम मसराना आदि के सम्बन्ध में किये गये Geological Report (GR) के अनुरोध के संदर्भ में

जी0एस0आई0 के सहयोग हेतु Dedicated अधिकारी की आवश्यकता के सम्बन्ध में उक्त प्रकरण को अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को दिये गये।

7. उपखनिज सिलिका सैण्ड हेतु जनपद उत्तरकाशी, तहसील पुरोला एवं मोरी के ग्रामों/क्षेत्रों में एक खनिज पार्क में खनन लांट बनाकर प्रत्येक खनन लॉट का Available Mineral resources, Available Mineral Reserve, Mineable Mineral Reserve, Block Mineral reserve, खनन लांट में सभी Surface features यथास्कूल, मकान, निजी भूमि आदि को चिन्हित किये जाने हेतु भूतत्व एवं खनिकर्म द्वारा पूर्व में किये गये अनुरोध पर आने वाले व्यय एवं टाइम लाईन के सम्बन्ध में चाही गयी सूचना के सम्बन्ध में एम0ई0सी0एल0 द्वारा खनिज अन्वेषण क्षेत्र स्थलीय निरीक्षण करके सटन्गधार क्षेत्र में किये गये बोर होल्स के कोर्डिनेटस लिये जाने एवं विभाग के पास विभिन्न क्षेत्रों के आवेदित खसरा मानचित्र के आधार पर की कार्यवाही का प्रयास जी0एस0आई0 के सहयोग से राज्य सरकार के खर्चे पर किये जाने हेतु दिये गये सुझाव पर जी0एस0आई0 का पूर्ण सहयोग हेतु Dedicated अधिकारी की आवश्यकता के सम्बन्ध में जी0एस0आई0 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उपखनिजों के अन्वेषण हेतु प्रत्यक्ष तौर पर जी0एस0आई0 अधिकृत नहीं है, फिर भी बैठक में जी0एस0आई0 के उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा जी0एस0आई0 के सहयोगात्मक भूमिका में रहने की वचनबद्वता के अनुरूप निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई को तदनुसार जी0एस0आई0 के स्थानीय प्रतिनिधियों से सहयोग प्राप्त करते हुये तदनुसार अपेक्षित कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

अंत में बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

(डॉ0 पंकज कुमार पाण्डेय)
सचिव

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास (खनन) अनुभाग–1
संख्या– ~~779~~ /VII-A-1/2022/8(16)/2020
देहरादून, दिनांकः 10 ~~मई~~ जून 2022

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महानिदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तराखण्ड देहरादून।
2. समस्त प्रतिभागी अधिकारीगण।
3. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(दिनेश यादव)
अनुसचिव